भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2740

जिसका उत्तर 11 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है

कोयला उत्पादन का लक्ष्य

2740. श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 तक कितनी मात्रा में कोयला उत्पादन का लक्ष्य तय किया गया है; और

(ख) अगले तीन वर्षों के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार के कोयला उत्पादन में वृद्धि की लक्षित मात्रा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : वर्ष 2026-27 के लिए अखिल भारतीय कोयला उत्पादन/अनुमान 1310 मिलियन टन (मि.ट.) है, जिसमें से, कोल इंडिया लिमिटेड का कोयला उत्पादन का अनुमानित लक्ष्य एक बिलियन टन है।

(ख) : वर्तमान में**,** बिहार में कोई कोयला खान नहीं है। तथापि, उत्तर प्रदेश (नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लि. (एनसीएल) की सिंगरौली कोलफील्ड्स) से अगले तीन वर्षों के लिए उत्पादन योजना निम्नानुसार हैः

वर्ष	**2025-26**	**2026-27**	**2027-28**
कोयला उत्पादन (मि.ट.)	20.00	17.00	15.00

***